# मेट्रो सिटी

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

नागपुर, बुधवार, 28 मई 2025


## मुमताज हुसैन बाबा का सालाना उर्स आज से



**नागपुर.** हजरत मुमताज हुसैन बाबा उर्फ़ बाबू भाई रहमतुल्ला आलेह का सालाना उर्स आज से बुधवार 28 और गुरुवार 29 मई को कब्रिस्तान ताजा बाद शरीफ में दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाएगा। यह उर्स सज्जादानसिन निसार अली बाबा की सरपरस्ती में आयोजित किया जाएगा। पहले दिन, बुधवार को नमाजे असर के बाद परचम कुसाई और नमाजे मगरिब के बाद निसार अली बाबा के घर से संदल का जुलूस निकलेगा। मजार-ए-पाक पर चादर, संदल, फूल और इत्र चढ़ाकर दुआएं और खैर मांगी जाएंगी। 29 मई, गुरुवार सुबह 9:00 बजे कुल शरीफ फातिहा होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इस मौके पर पवित्र उर्स की रस्मों का निर्वहन किया जाएगा।

# 31 मई तक सड़कों की मरम्मत अनिवार्य

## नहीं तो ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई: नगर आयुक्त, नगर आयुक्त ने ठेकेदारों और इंजीनियरों को दी चेतावनी

**नागपुर.**




मानसून से पहले शहर में सभी खोदी गई सड़कों को 31 मई से पहले बहाल किया जाना चाहिए, अन्यथा संबंधित ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, मानसून के दौरान, नागपुर नगर निगम अब किसी भी विभाग या संगठन को सड़कें खोदने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि यदि कोई भी विभाग खुदाई शुरू करेगा तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने यह भी चेतावनी दी कि अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले नगर निगम के संबंधित अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नागपुर नगर निगम शहर के विभिन्न हिस्सों में सीवर लाइन, पेयजल लाइन और अन्य कार्यों के लिए सड़कें खोद रहा है। इन सड़कों का काम पूरा करने और इन्हें बहाल करने के लिए नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इस बैठक में अपर आयुक्त वसुमना पंत, मुख्य अभियंता मनोज तालेवार, अधीक्षणअभियंता डॉ. श्वेता बनर्जी, कार्यकारी अभियंता राजेश डुफारे, श्रीकांत वायकर एवं समस्त जोन कार्यपालक अभियंतागण ये कार्य करने वाले ठेकेदार उपस्थित थे।

### मलबा न उठाने पर जुर्माना

शहर की मलिन बस्तियों या अविकसित क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है। इस बारे में जोनवार जानकारी उपलब्ध करायी गयी। सड़क का काम इस तरह से किया जाना चाहिए कि वाहन सड़क पर न फिसलें। किसी भी नागरिक को इसकी शिकायत नहीं करनी चाहिए। यदि सड़क पर किसी भी प्रकार का मलबा या कूड़े का ढेर दिखाई दे तो कोई भी कार्य नहीं किया जाना चाहिए। इस मलबे को उठाने की जिम्मेदारी भी ठेकेदारों की है। ये कार्य 31 मई से पहले पूरे किये जाने चाहिए। इस मलबे को उठाया गया या नहीं। नगर निगम के सफाई विभाग को इसकी जांच करनी चाहिए और दोषी पाए जाने वाले ठेकेदारों पर भारी जुर्माना लगाना चाहिए। कमिश्नर डॉ. चौधरी ने जुर्माना लगाने का भी निर्देश दिया।

अधीक्षण अभियंता डॉ. श्वेता बनर्जी ने सीवर लाइन और जल चैनल बिछाने के लिए चल रहे कार्य की जानकारी दी। डॉ. बनर्जी ने अमृत योजना फेज 2 के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी देते हुए जलमार्ग के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 78.94 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 40.96 किलोमीटर पानी की पाइपलाइन और फीडर लाइन बिछाने का काम चल रहा है।

अब तक 32.33 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है। वर्तमान में 8.63 किलोमीटर का काम अधूरा है। आयुक्त ने सभी ठेकेदारों को इन कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। कई ठेकेदारों ने कम जनशक्ति के उपयोग के कारण काम में देरी की है। डॉ.चौधरी ने यह भी कहा कि यदि मानसून के दौरान सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया तो ठेकेदारों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## एस.एस.सी टॉपर्स के लिए करियर काउंसलिंग एवं सम्मान समारोह का आयोजन




**नागपुर.**

अंजुमन हमी-ए-इस्लाम ने हाल ही में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एस.एस.सी टॉपर्स के लिए एक प्रेरणादायक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। यह सत्र प्रसिद्ध काउंसलर आशिष तायवड़े ने संचालित किया, जिन्होंने छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक एवं करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की योजना के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में तनवीर मिर्जा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को आत्मविश्वासी रहने स्पष्ट लक्ष्य तय करने और समर्पण के साथ मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। गणमान्य व्यक्तियों में के. एम. सिद्दीकी, इनायतुल्लाह जिवाजी, अज़हर हयात और फ़रज़ाना हुसैन ने भी अपने विचार साझा किये।

काउंसलिंग सत्र के बाद एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 30 विद्यालयों के एस.एस.सी टॉपर्स को अनीस अहमद, तहसीन मिर्जा, तनवीर मिर्जा, एजाजुल्लाह खान, अफसर, अमानतुल्लाह खोखर एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस आयोजन में अंजुमन हमी-ए-इस्लाम संस्थाओं के सभी प्राचार्य, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन सभी प्राचार्यों के सम्मान, धन्यवाद प्रस्ताव और सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ। अंजुमन हमी-ए-इस्लाम ने यह पुनः व्यक्त किया कि वह छात्रों के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार की पहल निरंतर जारी रखेगा।

## संघर्ष नगर में सीवर लाइन का किया गया उद्घाटन



**नागपुर.** एआईएमआईएम उत्तर नागपुर पूर्व अध्यक्ष नसीम अख्तर की मेहनतो से प्रभाग 3 संघर्ष नगर में सीवर लाइन के काम का उद्घाटन किया गया. संघर्ष नगर में प्लाट नंबर 539 से लेकर 578 तक एक साल से पूरी लाइन बैठी हुई थी जिसको लेकर स्थानीय निवासी फारुख भाई ने नसीम अख्तर को इस समस्या के बारे में जानकारी दी और नसीम अख्तर ने संघर्ष नगर के नागरिकों के साथ आशी नगर जोन का घेराव किया और निवेदन दिया जिसके बाद असीनगर जोन के अधिकारियों ने यहां की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द काम चालू करने की बात कही जिसके बाद संघर्ष नगर की सीवर लाइन का काम चालू किया गया. उद्घाटन के समय नसीम अख्तर, कलीम अंसारी, फारूक भाई, वकील भाई, शेर खान, हाजी साहब, जुनेद भाई, मुस्तकीम, मस्तान, आदि लोग और कार्यकर्ता मौजूद थे.

## 'गरुड़ दृष्टि' लॉन्च



**नागपुर.** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और जनसुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में नागपुर शहर पुलिस ने मंगलवार को अत्याधुनिक सोशल मीडिया निगरानी टूल "गरुड़ दृष्टि" का शुभारंभ किया। यह टूल साइबर पुलिस स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल द्वारा औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। "गरुड़ दृष्टि" को साइबरहैक इवेंट 2025 के दौरान विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैलने वाली गलत सूचना, नफरत फैलाने वाले भाषण और संभावित खतरों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई करना है। यह टूल मेटा, यूट्यूब, ट्विटर (एक्स), व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय निगरानी रखता है। इस प्रणाली में कीवर्ड और इमेज-बेस्ड सर्च की सुविधा है, जिससे अपराध, हिंसा, आतंकवाद या राजनीतिक संवेदनशीलता से जुड़े पोस्ट्स की पहचान की जा सकती है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विश्लेषण भी शामिल है, जो धार्मिक भावनाओं, राजनीतिक गतिविधियों और वीआइपी सुरक्षा खतरों जैसे मापदंडों के आधार पर ऑनलाइन कंटेंट को वर्गीकृत करता है। "गरुड़ दृष्टि" प्रतिदिन खुफिया रिपोर्ट तैयार करता है और आपत्तिजनक पोस्ट की रिपोर्टिंग को तेज बनाता है। यदि कोई पोस्ट आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को हटाने का अनुरोध किया जाता है।

### नागपुर पुलिस की साइबर निगरानी को मिली नई उड़ान

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में यह प्रणाली धारा 69 के तहत राज्य खुफिया विभाग के साथ भी समन्वय करती है। इस टूल की सबसे नवाचारी विशेषता इसका एआई-पावर्ड फेसियल रिकग्निशन सिस्टम है, जो सार्वजनिक रूप से साझा की गई छवियों को संदिग्ध प्रोफाइल से मिलाने में सक्षम है। यह प्रणाली अपराधियों के नेटवर्क और लापता व्यक्तियों की डिजिटल पहचान में भी मददगार साबित हो रही है। नागपुर साइबर पुलिस को "महासायबर" ने उपलब्ध कराए गए हाई-एंड उपकरणों से सुसज्जित एक नया साइबर लैब भी मिला है। पुलिस आयुक्त डॉ. सिंगल ने कहा कि "गरुड़ दृष्टि" नागपुर पुलिस की साइबर सुरक्षा में हो रही प्रगति का प्रतीक है।

## सूने घर से चोरों ने उड़ाया 7.18 लाख का माल



**नागपुर.** नंदनवन थाना क्षेत्र के पवनसुत नगर में एक सूने घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब 7.18 लाख रुपये का माल चुरा लिया। यह वारदात 23 मई की रात से 25 मई की शाम के बीच हुई, जब घर के मालिक अपने परिवार के साथ दर्शन के लिए शेगांव गए हुए थे। फरियादी सुहास वामनराव बांते (उम्र 47) प्लॉट नंबर 41, पवनसुत नगर, रमणा मारोती रोड, नंदनवन निवासी ने घर को ताला लगाकर अपने पड़ोसी के पास चाबी छोड़ी थी। 25 मई को पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने घर का दरवाज़ा खुला देखा और जब उसने पूछताछ की, तो चोरी का शक हुआ। फिर्यादी के भाई को तुरंत मौके पर भेजा गया, और स्थिति की पुष्टि के बाद फिर्यादी 26 मई को लौटे। घर की जांच में पाया गया कि अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और बेडरूम में रखे लकड़ी के कपाट से 7,000 नकद और लगभग 7,11,000 के सोने-चांदी के गहने चुरा लिए। इस संबंध में सुहास बांते की शिकायत पर पुलिस उपनिरीक्षक राखुंडे ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। नंदनवन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धरमपेठ की सड़कों पर 'शराब-हुक्का पार्टी'

### वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

**नागपुर.** शहर के पॉश इलाके धर्मपेठ की सड़कों पर रविवार रात युवाओं का उत्पात उस वक्त चर्चा में आ गया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक खुलेआम सड़क किनारे शराब और हुक्का पार्टी करते नजर आ रहे हैं। यह घटना ना सिर्फ हैरान करने वाली थी बल्कि शहर की कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर गई। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, रविवार रात जब तेज आवाज में गालियों और शोरगुल की आवाजें आईं, तो कई लोगों ने अपने घरों से बाहर झांक कर देखा। वहां जो दृश्य था, वह चौंकाने वाला था। कुछ युवक एक कार और दोपहिया वाहनों से आए और सड़क को ही हुक्का पार्लर बना लिया। कुछ ने इस घटना को मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो के वायरल होते ही लोगों में रोष फैल गया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। वीडियो सामने आने के बाद सीताबर्डी पुलिस तुरंत हरकत में आई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने कार की नंबर प्लेट के आधार पर युवकों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर हवालात पहुंचा दिया। पकड़े गए आरोपियों में सय्यद इरफान सय्यद कमर अली (35), आदित्य दिलीप कांबळे (31), महादेव ईश्वर सोमकुवर (47), मुकेश फतीश मरसपल्ले (45), और भुनेश्वर ईश्वर कनोजिया (32) शामिल हैं। सभी आरोपी आंबेडकर नगर, धर्मपेठ निवासी हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर अनुशासनहीनता और कानून उल्लंघन के तहत प्रबंधक कार्रवाई की है।

## तड़ीपार आरोपी शहर में घूमते हुए गिरफ्तार



**नागपुर.** वाडी पुलिस ने शहर से तड़ीपार किए गए एक आरोपी को अपने थाना परिसर में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नारू उर्फ नरेन्द्र रामखिलावन पांडे (उम्र 35 वर्ष रामजी आंबेडकर नगर, वाडी, निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 25 मई की रात लगभग 10:30 बजे वाडी पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि अमरावती रोड स्थित आठवा मैल बस स्टॉप के पास एक तड़ीपार व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। पुलिस दल जब मौके पर पहुंचा तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम और पता बताया। रिकॉर्ड की जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि आरोपी को पोलीस उप आयुक्त, परिमंडल क्रमांक 1 द्वारा दिनांक 12 नवंबर 2024 को नागपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से दो वर्ष के लिए तड़ीपार किया गया था। फिर भी आरोपी ने बिना किसी अधिकृत अनुमति के क्षेत्र में प्रवेश कर कानून का उल्लंघन किया।

## एसी मरम्मत करते समय तीसरी मंजिल से गिरकर मैकेनिक की मौत

**नागपुर.** सीताबर्डी पुलिस थाना अंतर्गत सतवा बिल्डिंग, रामदासपेठ में एसी मरम्मत का कार्य करते समय एक 44 वर्षीय श्रमिक तीसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह दुर्घटना 26 मई 2025 को दोपहर करीब 2 बजे के आसपास घटी। मृतक की पहचान मोहम्मद निहाज अब्दुल गनी (उम्र 44) लष्करीबाग, नवा नकाशा, मस्जिद के पास, पाचपावली निवासी के रूप में हुई है। वे अपने सहयोगी फिरोज खान फहीम खान (उम्र 48) गौसीया कॉलोनी, ताजबाग, निवासी के साथ एसी मरम्मत का कार्य करने सीताबर्डी थाना क्षेत्र के सतवा बिल्डिंग पहुंचे थे। काम के दौरान मोहम्मद निहाज तीसरी मंजिल से नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सहयोगी ने तत्काल उन्हें पहले केअर हॉस्पिटल और बाद में मेयो हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां शाम 6:15 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीताबर्डी पुलिस ने मेडिकल सूचना के आधार पर अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज किया है। आगे की जांच जारी है।

## 2 बच्चियों से दुष्कर्म का प्रयास, भीड़ ने बदमाश को बांधकर पीटा

**नागपुर.**

चॉकलेट दिलाने का लालच देकर दो मासूम बच्चियों से दुष्कर्म के प्रयास की घटना ने नागपुर में हड़कंप मचा दिया। गुस्साए लोगों ने आरोपी को रस्सियों से बांधकर जमकर पीटा और बाद में पीटते हुए तहसील पुलिस थाने ले गए। इस घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, आरोपी शेरू उर्फ सुरेश टाकलीकर (40), निवासी टिमकी, सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे बस्ती की दो बच्चियों को चॉकलेट का लालच देकर बहला-फुसलाकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। उसने एक साल की बच्ची को गोद में उठा रखा था और 7 साल की बच्ची का हाथ पकड़कर कहीं ले जा रहा था। हालांकि, उसके घिनौने इरादे सफल हो पाते, इससे पहले ही एक बच्ची की 13 वर्षीय बड़ी बहन ने उसे बच्चियों को ले जाते हुए देख लिया। बड़ी बहन के देख लेने पर आरोपी ने बच्चियों को छोड़ दिया। शाम को जब बच्चियों की मां काम से घर लौटीं, तब बच्चियों ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। यह बात तेजी से बस्ती में फैल गई। बस्ती के लोगों को लगने लगा कि आरोपी के इस कृत्य से अब उनकी बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। बताया जाता है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का



है। शाम को जब वह शराब पीकर घर लौटा, तो लोगों ने उसे घेर लिया। उसके ही घर के सामने उसे रस्सियों से बांधकर अधमरा होने तक पीटा गया। पिटाई के बाद उसे पीटते हुए ही तहसील पुलिस थाने ले जाया गया। तहसील थाने में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुभकामनाएं दी।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी पर बधाइयों की बरसात

**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के जन्मदिन के अवसर पर आज देशभर से शुभकामनाओं की बौछार हुई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्रीय मंत्रियों, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सीधे या सोशल मीडिया के माध्यम से या फोन पर नितिन गडकरी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी. देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीमनोहर जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री वसुंधरा राजे, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्रीनिवास पाटिल, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण राणे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, सांसद प्रफुल्ल पटेल, पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, अभिनेता नाना पाटेकर, सनी देओल व विवेक ओबेरॉय, श्री श्री








रविशंकर, प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री आदि ने सोशल मीडिया व दूरभाष के माध्यम से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बधाई दी. नागपुर में गडकरी के निवास पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी हुई थी। कई लोगों ने गुलदस्ते, चित्र और तस्वीरें भेंट कर आदर व्यक्त किया और गडकरी को बधाई दी। प्रसिद्ध मराठी अभिनेत्री उर्मिला कोठारे ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर गडकरी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। गडकरी ने सुबह दिव्यांगों को ई-रिक्शा भी वितरित किये। कंचन गडकरी सहित परिवार की सभी महिलाएं और रिश्तेदार भी उपस्थित थे।

### आँख, कान और नाक जांच शिविर का आयोजन

नितिन गडकरी के जन्मदिन के अवसर पर स्वर्गीय भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संगठन ने नागपुर में विभिन्न स्थानों पर नेत्र एवं कान जांच शिविर का आयोजन किया। वैशाली नगर उत्तर नागपुर, प्रबोधन कॉन्वेंट महल, वरिष्ठ नागरिक फाउंडेशन कार्यालय, ग्लोकल मॉल आदि स्थानों पर नागरिकों ने इन शिविरों का लाभ उठाया। श्री रविशंकर, प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री आदि ने सोशल मीडिया व दूरभाष के माध्यम से गडकरी को बधाई दी।

# कामठी में गोवंश तस्करी पर पुलिस का एक्शन

## > 3 जगहों से पशु मुक्त कराए, कई आरोपी गिरफ्तार

**कामठी.**

जूना कामठी पुलिस एवं नवीन कामठी पुलिस ने रविवार 25 मई को गोवंश तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए नवीन कामठी थाना क्षेत्र में आवंडी बोगदा, साईं मंदिर परिसर व जूना कामठी थाना क्षेत्र में कमसरी बाजार स्थानों पर कार्रवाई की। अभियान में गोवंश बरामद किए गए और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आगे नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले और नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े के मार्गदर्शन में कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि शिकायतकर्ता पुलिस सिपाही मनोज प्रकाश गजभिये पुलिस थाना नवीन कामठी में 25 मई को ड्यूटी पर थे। पुलिस उपनिरीक्षक सृष्टि कदम मैडम ने बीट मार्शल पुलिस सिपाही अमोल धुळे और पुलिस सिपाही आकाश पखिर्डे ने सूचना दी। सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता और पुलिस स्टाफ सरकारी वाहन से रवाना हुए।

शिकायतकर्ता ने पुलिस उपनिरीक्षक सृष्टि कदम और बीट मार्शल पुलिस सिपाही अमोल और पुलिस सिपाही आकाश की मदद से आवंडी बोगदा के पास पंचों के साथ जाल बिछाया। आरोपी अतुल गणेश कावळे (उम्र 28 वर्ष, धंधा: ड्राइवर, निवासी सुभाष वार्ड मोहाडी, ता. मोहाडी, जि. भंडारा) को रोका और पंचों के सामने वाहन की जांच की। जांच करने पर, 4 पहियों वाले टाटा कंपनी के टाटा एस मालवाहक वाहन क्र. एमएच36AA3962 के पिछले डाले में तीन गोवंशीय पशु मिले। उनके गले और पैरों को रस्सी से क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। उनका विवरण इस प्रकार है- तीन गोवंशीय गाय, अनुमानित कीमत कुल ₹0,000/- के गोवंशीय पशु मिले। चालक अतुल गणेश कावळे (उम्र 28 वर्ष, धंधा: ड्राइवर, निवासी सुभाष वार्ड मोहाडी, ता. मोहाडी, जि. भंडारा) से उसका नाम और पता पूछने पर उसने बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक वन प्लस कंपनी का CE 3 मोबाइल (अनुमानित कीमत ₹0,000/-) और टाटा कंपनी का मालवाहक वाहन क्र. MH36AA3962 (कुल कीमत ₹,00,000/-) मिला। इस प्रकार कुल ₹,70,000/- का माल मिला। आरोपी ड्राइवर अतुल गणेश कावले (28) मोहाड़ी निवासी, बिलाल कुरेशी कसाई मोहल्ला निवासी के खिलाफ नवीन कामठी पुलिस थाना में धारा 5(अ), 5(ब), महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण सुधारणा कायदा, सहधारा 11 (1) (घ) (ड) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में जांच शुरू की गई है।

वहीं 25 मई को रात्रि 10 बजे करीब में आडा पुलिया साईं मंदिर के पास आरोपी साजिद अहमद वल्द शकील अहमद (36) निवासी सैलाब नगर, जो चार पहिया टाटा एस गाड़ी क्रमांक MH 40 CM 2383 का ड्राइवर है, उसने अपने वाहन में आरोपी राजा बाबू, जो मालिक है, के कहने पर 3 जीवित गोवंशीय पशुओं (कुल अनुमानित कीमत 32000 रुपये) को अमानवीय और क्रूर तरीके से नायलॉन की रस्सी से बांधकर वाहन में ठूंसकर और बंद करके मालिक के पास कत्ल करने के लिए ले जा रहा था।

यह जानकारी मिलने पर, पुलिसकर्मी अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर, उन्होंने देखा कि आरोपी मोहम्मद समीर मोहम्मद शकील, उम्र 22 वर्ष, निवासी पापा किराना दुकान के पास, पुरानी खलासी लाइन, कामठी निवासी ने 15 गोवंशीय जानवरों (काले, सफेद और लाल रंग के) को क्रूरतापूर्वक, अमानवीय और निर्दयता से कत्ल करने के लिए बांध रखा था। पुलिस ने इन 15 गोवंशीय जानवरों को, जिनकी अनुमानित कीमत 10,000/- रुपये प्रति जानवर यानी कुल 1,50,000/- रुपये है, जब्त कर लिया।

**जब्त गोवंशीय पशु सुरक्षित स्थान पर भेजे गए :** इन जानवरों को आगे के पालन-पोषण के लिए सेवा समिति (गौशाला), भांडेवाड़ी पारडी में भेज दिया गया है। आरोपी (मालिक) मोहम्मद समीर मोहम्मद शकील, के खिलाफ भारतीय पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 (1) (डी) के साथ महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम, 1995 (संशोधन अधिनियम 2015) की धारा 5 (बी) और 9 (ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में जारी है। दोनों थाने की जब्त की गई गोवंशीय को पालन पोषण के लिए गौ सेवा समिति में भेज दिया गया है।

### वाहन और मोबाइल के साथ अवैध माल बरामद

नाकाबंदी में मौजूद कर्मचारियों और बीट मार्शल ने पीछा करके वाहन को पकड़ा। वाहन (अनुमानित कीमत 700000 रुपये) और 02 ओप्पो कंपनी के मोबाइल (अनुमानित कीमत 15000 रुपये) सहित कुल 747000 रुपये का माल बरामद किया गया है। उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ कलम 5अ, 5ब, 9 महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1976, सहधारा 11(1), 11(1) (घ) पशु क्रूरता अधिनियम अपराध दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक संदीप भीताड़े, सिपाही तुषार अरविंद मोरे द्वारा की जा रही है।

# बसपा की साप्ताहिक बैठक में कुछ प्रस्ताव पारित




**कामठी.**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नागपुर जिला ग्रामीण कार्यकारिणी की साप्ताहिक बैठक शनिवार को दोपहर में जिला अध्यक्ष योगेश लांजेवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस साप्ताहिक बैठक में मुंबई के प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्टेट की समीक्षा मीटिंग में राजाराम नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व राज्यसभा सांसद, प्रदेशाध्यक्ष एड. सुनील डोंगरे के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर जिला अध्यक्ष योगेश लांजेवार ने ज़िला कमेटी के सामने सवाल जवाब प्रस्तुत किए । सभी ने अपने सुझाव रखे। मीटिंग में निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें नागपुर जिले की सभी विधानसभा में सेक्टर और बूथ बनाना ज़रूरी है और 26 जून तक संगठन बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। ताकि आने वाले निकाय चुनाव चुनाव में जीत सुनिश्चित हो सकें। विधानसभा क्षेत्र की कमेटी, शहर कमेटी, सेक्टर कमेटी, परिपूर्ण करना। संगठन में अनुशासन का पालन करते हुए पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में एक दूसरे के प्रति आदर होना चाहिए। साप्ताहिक मीटिंग में नगरसेवकों का उपस्थित होना जरूरी होना चाहिए।

इस मीटिंग में ज़िला प्रभारी किशोर गेडाम, तपेश पाटील, उपाध्यक्ष मो. इब्राहिम टेलर, कोषाध्यक्ष उमेश मेश्राम, कार्यालयीन सचिव अमित गजभिये, जिला सदस्य माया उके, राजू चांदेकर, अनिल मेश्राम आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। साथ ही लीगल एडवाइजर एड. संजय पाटिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। मीटिंग मे उपस्थितों का आभार जिला कार्यकारिणी सदस्य माया उके ने व्यक्त किया ।

# वाड़ी में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## मुख्याधिकारी ने नागरिकों से की जिम्मेदारी निभाने की अपील

**वाड़ी.**

अमरावती महामार्ग क्रमांक 06 पर स्थित वाडी नगर परिषद क्षेत्र में मंगलवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। नगर परिषद की ओर से चलाए गए इस अभियान में सड़क किनारे किए गए अवैध पान ठेले, सब्जी और मांस-मच्छी की दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। यह कार्रवाई मुख्याधिकारी ऋचा धाबर्डे के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें परिषद के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।मुख्याधिकारी धाबर्डे ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे खुद आगे आकर सार्वजनिक स्थलों से धार्मिक झंडे, तोरण, पोस्टर आदि हटा लें, जिससे प्रशासन द्वारा विडंबना न हो और कठोर कदम उठाने की



आवश्यकता न पड़े। “हम नहीं चाहते कि कोई टकराव की स्थिति बने। नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझें और नगर के विकास में सहयोग करें,” ऐसा मुख्याधिकारी ऋचा धाबर्डे ने कहा।

नगर परिषद की यह कार्रवाई शहर के विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है। यदि नागरिकों का सहयोग इसी तरह बना रहा, तो वाडी को अतिक्रमण मुक्त और सुंदर शहर बनाना कोई असंभव कार्य नहीं रहेगा।यह करवाई प्रमुखता से मुख्याधिकारी ऋचा धाबर्डे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण उन्मूलन दल अधिकारी नितेश घोरमाडे,कीर्तना केंगार, मोहिनी वैद्य,सिद्धार्थ शार्दुल, योगेश जहागीरदार,सरिता गजभीये, महेश वानखेडे,वर्षा आटले,ज्योती साखरे, आकांक्षा पाटील,मुकेश महतों, धनंजय गोतमारे,भारत ढोके और अन्य अधिकारी कर्मी ने करवाई को अंजाम दिया।इस दौरान एमआईडीसी यातायात पुलिस और वाडी पुलिस द्वारा बंदोबस्त रखा गया था।

**अतिक्रमण मुक्त शहर के लिए अभियान जारी :** इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय नागरिकों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। जहां एक ओर शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस कदम की सराहना की गई, वहीं कुछ व्यापारियों में नाराजगी भी देखी गई। परिषद का कहना है कि यह कदम शहर को सुव्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में आवश्यक था। अभियान के दौरान खाली कराई गई जगहों का निरीक्षण कर यह भी विचार किया गया कि इन स्थलों का किस तरह सदुपयोग किया जा सकता है। नागरिकों से सुझाव मांगे गए हैं कि इन खाली स्थानों पर क्या सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं — जैसे हरित उद्यान, सार्वजनिक बैठने की व्यवस्था या छोटे-छोटे स्टॉल के लिए अधिकृत स्थान। इससे न केवल शहर का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि छोटे व्यापारियों को भी सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सकेंगे।

# खारा गैस कंपनी विस्फोट में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

## हादसे में एक पैर कटकर शरीर से हुआ अलग

**सावनेर.**

सावनेर से चार किलोमीटर दूर बोरुजवाड़ा गांव के पास घरेलू सिलेंडर बनाने वाली कंपनी खारा गैस में विस्फोट होने से एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा तीन अन्य श्रमिक भी मामूली रूप से घायल हो गए। यह घटना 24 मई को शाम 5:35 बजे प्रकाश में आई।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, चारों मजदूर - सावनेर निवासी गजानन बसोटिया, आंगेवाड़ा निवासी अनिल कोहले, कुसुंबी निवासी दिलीप लोनकर और बोरुजवाड़ा निवासी सुनील हीरे - मेंटेनेंस का काम कर रहे थे। शाम 5:35 बजे, जब मैं रखरखाव की जांच कर रहा था, तभी कंप्रेसर का एयर टैंक अचानक फट गया, जिससे बहुत बड़ा विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि पास में मौजूद गजानन बसोटिया का एक पैर शरीर से अलग हो गया तथा अन्य तीन को मामूली चोटें आईं। विस्फोट होते ही सभी श्रमिक एकत्रित हो गए और कंपनी के मैनेजर सोमराज पिलोंन्द्रे भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए कंपनी के वाहन से सावनेर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए नागपुर भेज दिया गया।

खारा गैस नागपुर-सावनेर रोड पर बुरुजवाड़ा गांव के पास स्थित एक कंपनी है और इसमें कुल 80 से 85 कर्मचारी कार्यरत हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कंपनी में केवल एक ही सामान्य शिफ्ट है, सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक। कर्मचारी अपनी शिफ्ट पूरी कर मात्र 25 मिनट में ही निकलने वाले थे। लेकिन यह दुर्घटना घटी और आज भी यह स्थिति मजदूरों को प्रभावित कर गयी। स्थानीय पत्रकारों ने जब घटना के बारे में जानकारी लेने के लिए कंपनी प्रबंधक से संपर्क किया तो उन्होंने जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, "यह एक छोटी सी दुर्घटना के अलावा कुछ नहीं था।" इससे पहले इसी कंपनी में प्रबंधन की ओर से इसी तरह की लापरवाही के कारण एक श्रमिक की मौत हो गई थी।

यह जानकर हैरानी होती है कि इस कंपनी में काम करने वाले अधिकांश श्रमिक ठेकेदारों के माध्यम से अल्प वेतन पर अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं तथा ठेकेदार या प्रबंधन द्वारा उनका किसी भी तरह से बीमा नहीं कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलने पर सावनेर पुलिस उपविभाग के उपविभागीय अधिकारी अनिल म्हस्के और थानेदार उमेश पाटिल ने घटनास्थल का दौरा किया और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया तथा साक्ष्य एकत्र किए। औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय के अधिकारियों ने भी घटनास्थल का दौरा किया है, लेकिन अभी तक उनकी रिपोर्ट नहीं मिली है। सावनेर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

जानकारों की मानें तो अगर कामगारों की सुरक्षा के लिए लौंग गमबूट आदि की व्यवस्था में प्रबंधन की लापरवाही न होती तो श्रमिक को अपना एक पैर खोना नहीं पडता, इस दुर्घटना से निश्चित रूप से उक्त कामगार और उस पर आश्रित परिवार के लिए जीवन दूभर हो जाएगा...

# कांग्रेस ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि




**कामठी.** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज मंगलवार को राष्ट्र के भारत रत्न प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व कार्यालय प्रभारी लक्ष्मण ग. संगेवार की अध्यक्षता में मनाई गई। पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सामूहिक अभिवादन किया गया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू को स्मरण कर कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए, अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखीं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता युगचंद छल्लानी, महाराष्ट्र कांग्रेस सेवादल के सचिव राजकुमार गेडाम, कामठी शहर सेवादल के अध्यक्ष नीतेश कुमार यादव, महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुरैया बानो, उपाध्यक्षा शशिकला देशमुख, संजय गांधी निराधार के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद खोबरागड़े, नागपुर जिला सेवादल के सचिव प्रकाश लाइनपांडे, कामठी मौदा विधानसभा युवक कांग्रेस के अध्यक्ष तौसीफ खान, छावनी कांग्रेस के उपाध्यक्ष सोमेश जेटली, महिला कांग्रेस की चेतना गोडबोले, समसुन्निसा बाजी, शबाना परवीन, शाहीन शेख आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण प्रमुखता से उपस्थित थे।

# प्रशांत काले समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**कामठी.**

तालुका के येरखेड़ा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। येरखेड़ा के कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और 2019 में कांग्रेस पार्टी से जिला परिषद चुनाव लड़ने वाले, जो बहुत कम वोटों से हारे थे, और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुरेश भोयर के कट्टर समर्थक प्रशांत काले ने अपने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ राज्य के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नागपुर जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में प्रवेश कर लिया है। आगामी नगर पंचायत चुनावों से पहले हुए इस प्रवेश से येरखेड़ा में कांग्रेस को बड़ा



नुकसान हुआ है।

ज्ञात हो कि 2019 में हुए येरखेड़ा भिलगाँव-जिला परिषद चुनाव में येरखेड़ा के कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और नागपुर जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर के कट्टर समर्थक प्रशांत काले ने आगामी नगर पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी को छोड़ दिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल कराया।

प्रशांत काले के साथ युवा कार्यकर्ता सुशांत सलाम, ईशानसिंग ठाकूर, यश शाहू, संदीप खरवडे, प्रकाश लांबाडे, मनीष ठाकरे, प्रथमेश बोंद्रे, रोशन उल्लंवार, गिरीश राघोर्ते, राहुल ठवकर, मंगेश ठाकरे, कपिल परतेकी, अश्विन मेश्राम, ऋषभ मेंढे, अतुल धोंगडे, रवी मडावी, सुभाष बड, संतोष तिवारी और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया। इस अवसर पर अपना मनोगत व्यक्त करते हुए प्रशांत काले ने कहा कि राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले येरखेड़ा नगर पंचायत, कामठी तालुका, नागपुर जिले और महाराष्ट्र राज्य में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की गंगा ला रहे हैं। उनकी कार्यप्रणाली से प्रेरित होकर और येरखेड़ा के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया है।

# यशवंत पंचायत राज पुरस्कार में सावनेर को दूसरा स्थान




**सावनेर.** महाराष्ट्र राज्य में पंचायत समिति के वार्षिक विकास कार्यों पर आधारित "यशवंत पंचायत राज अभियान" में, सावनेर पंचायत समिति ने नागपुर संभाग में दूसरा पुरस्कार जीतकर राज्य में अपनी मजबूत उपस्थिति दिखाई है।

यशवंत पंचायत राज अभियान में खिताब जीतने वाले पंचायत समिति गट विकास अधिकारी को आज 27 मई को राज्य की राजधानी मुंबई में राज्य के मा.राज्यपाल ,महाराष्ट्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री तथा ग्रामीण विकास राज्य मंत्री आदि ने उन्हें नकद राशि, सम्मान चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

सावनेर पंचायत समिति के गट विकास अधिकारी मनोज कुमार हिरुळकर को यशवंत पंचायत राज अभियान में नागपुर संभाग से द्वितीय पुरस्कार 8 लाख रुपये, मानचिन्ह,प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित कीया। सावनेर पंचायत समिति के अनेक पुरस्कार दिलाने वाले गट विकास अधिकारी मनोज हिरुळकर को उनकी कार्यकुशलता एवं अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उचित मार्गदर्शन कर पुरस्कार प्राप्ति के लिए सभी स्तरों से बधाई दी जा रही है.

# किसान खरीफ के फसलों की बुआई-पूर्व खेती में व्यस्त हैं

## बाजार में बीजों, खाद, कीटनाशक के सत्यापन में जुटा

**कोंढाली.**

खरीफ की बुआई का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि इस साल बारिश कैसी होगी।फिल हाल प्री मानसून बरस रहा है.किसान खरीफ फसलों के लिए बुआई-पूर्व खेती में व्यस्त हैं, लेकिन बेमौसम मौसम उनके प्रयासों में खलल डाल रहा है। मई माह समाप्त होने को है ,और किसान अब मृग नक्षत्र की बुआई के लिए अपने खेतों की जुताई में व्यस्त हैं।वहीं किसान दूसरी ओर, किस कंपनी का बीज अच्छा होगा, इसका परीक्षण काटोल/कोंढाली कृषि दुकानों में जानकारी तथा सत्यापन करते देखा जा रहा है। काटोल तालुका का भौगोलिक क्षेत्रफल 80224.80 हेक्टेयर है। फसल के अंतर्गत क्षेत्रफल -51073 हेक्टेयर है. तथा इस वर्ष खरीप सीजन के दौरान कुल (46064 हेक्टेयर) क्षेत्र में खरीफ फसलें बोई जाएंगी। इसमें से 14200 हेक्टेयर सोयाबीन



तथा 22828 हेक्टेयर कपास की फसल के लिए प्रस्तावित है। इसके अलावा तुअर-7100 हेक्टेयर, ज्वारी-150 हेक्टेयर, मक्का-250 हेक्टेयर, मूंगफली-200 हेक्टेयर, मूंग-200 हेक्टेयर, उड़द-150 हेक्टेयर, सब्जी भाजी बागान-750 हेक्टेयर, और अन्य खरीप फसलें-22 हेक्टेयर अनुदानित है। यह जानकारी काटोल तालुका कृषि अधिकारी रचना भोसले ने दी है। खरीफ की बुवाई का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि इस वर्ष बारिश कैसी होगी। वर्तमान में बेमौसम बारिश हो रही है।, परन्तु कृषी के लिये सात जून तक मृग नक्षत्र की वर्षा होना आवश्यक है।वहीं किसान इस वर्ष खाद और बीज के दाम कुछ हद तक बढ़ गये हैं। किसान बुवाई के लिए उर्वरकों और बीजों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपनी वित्तीय योजना भी बना रहे हैं।

उर्वरकों की योजना अप्रैल माह में 3294 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध थे तथा 11306 मीट्रिक टन की आवश्यकता है, जिसकी मांग वरिष्ठ स्तर पर की गई है। 1 लाख 14 हजार 139 पैकेट कपास की मांग की गई है। सोयाबीन 3727.50 क्विंटल, तुअर 372 क्विंटल, ज्वारी 12 क्विंटल, मूंग 503 क्विंटल, मक्का 50 क्विंटल, मूंगफली -60 क्विंटल की मांग है। कृषि अधिकारी रचना भोसले ने बताया कि खरीफ सीजन में किसानों को बीज एवं उर्वरक खरीदते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि बीज खरीदते समय बरती जाने वाली सावधानियां गुणवत्ता एवं मानक की गारंटी देने वाले अधिकृत विक्रेता से ही बीज





खरीदने को प्राथमिकता दें। नकली/मिलावटी बीज खरीदने से बचने के लिए, रसीद के साथ अधिकृत विक्रेता से खरीदें। रसीद पर बीज का पूरा विवरण (जैसे फसल, किस्म, पूरा लॉट नंबर, बीज कंपनी का नाम, कीमत, क्रेता का पूरा नाम व पता, विक्रेता का नाम आदि) अंकित होना चाहिए। इसके अलावा, नकद या क्रेडिट के लिए रसीद प्राप्त करें। खरीदे गए बीजों की पैकेजिंग/बैग, टैग, खरीद रसीद और उसमें मौजूद कुछ बीजों को फसल की कटाई होने तक सुरक्षित रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि खरीदे गए बीज उस मौसम के लिए अनुशंसित हैं। मिलावट के संदेह को खत्म करने के लिए बीज के पैकेट को सील बंद किया जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि यह सील बंद हो। बीज के अंकुरण को सुनिश्चित करने के लिए पैकेट पर समाप्ति तिथि की जांच करें। कम वजन वाले बीज, मुद्रित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचने या अन्य शिकायतों के लिए निकटतम कृषि विभाग कृषि सहायक तथा कृषि सेवकों तथा कृषि कर्मचारी से संपर्क करें।

### 14600 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता

खरीफ फसलों के लिए 14600 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक की मांग की गई है। इसमें यूरिया- 4300 मीट्रिक टन, डीएपी 2300 मीट्रिक टन, एमओपी 600 मीट्रिक टन, मिश्रित उर्वरक-4200 मीट्रिक टन, एसएसपी 3200 मीट्रिक टन, कुल 14600 मीट्रिक टन शामिल हैं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण ठप्प

## ठेकेदार की मनमानी, नागरिकों/मरीजों को परेशानी



**कोंढाली.**

कोंढाली नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य एक सप्ताह से अधिक समय से ठप्प है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को जोड़ने वाले निर्माण कार्य एस्टीमेट के अनुसार एवं समय-सीमा में पूर्ण किये जाएं। यह मांग कोंढाली नगर पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों एवं निर्माण अधिकारियों तथा विकास नगर, धांडाले लेआउट के नागरिकों तथा रुग्णों द्वारा की गयी है, साथ ही मांग करते हुए कहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाला निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

# वर्धा-देवली मार्ग की टूटी नालियों को लेकर विरोध

> केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को सौंपा ज्ञापन

**देवली.**



वर्तमान में ए.पी.एम.सी. देवली शहर के सामने से गुजरने वाली वर्धा-देवली सड़क पर काम चल रहा है। यह सड़क शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और गांव तक पहुंचने का मुख्य मार्ग है। इस सड़क के किनारे कृषि उपज बाजार समिति, एमआईडीसी, ग्रामीण अस्पताल, जिनिंग कारखाना, शॉपिंग मॉल, बच्चों का छात्रावास, विश्राम गृह, पेट्रोल पंप, तकनीकी शिक्षा स्कूल और कॉलेज स्थित हैं। विदर्भ का प्रसिद्ध बैल बाजार भी इसी मार्ग पर स्थित बाजार समिति में बैलों का प्रसिद्ध बाजार भी भरता है। इसलिए इस सड़क पर हमेशा किसानों, कृषि मजदूरों, श्रमिकों, छात्रों और नागरिकों का भारी आवागमन रहता है। कपास सीजन के दौरान कृषि उपज मंडी समिति में कपास लोड करने वाले विभिन्न वाहनों की भारी भीड़ रहती है। आने वाले दिनों में यातायात में भारी वृद्धि होगी और दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ने की संभावना है।

इस स्थान पर प्राधिकारियों द्वारा खराब नियोजन के कारण, सड़क का काम शुरू होने से पहले ही दोनों तरफ नालियों का निर्माण कर दिया गया। इसके कारण सड़क की चौड़ाई बहुत कम हो गई है। इसलिए भविष्य में नागरिकों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

इससे पहले युवा संघर्ष मोर्चा, पत्रकारों और नागरिकों द्वारा इस पर आपत्ति जताए जाने के बाद नाले का एक किनारा काट दिया गया था। हालांकि, दूसरी तरफ नाली अभी भी बनी हुई है, जो सड़क को वांछित सीमा तक चौड़ा होने से रोकती है।

ग्यापन देते समय किरण ठाकरे के साथ प्रवीण कात्रे, गौतम पोपटकर, एडवोकेट मंगेश घुंगरूड, संदीप दिघीकर, मनोज नागपुरे, नदीम शेख, गौरव खोपाल, हारून तव्वर, प्रकाश बियाला, आत्माराम कांबले, मनीष पेटकर, वृषभ गावंडे, प्रफुल्ल दरने और कई अन्य नागरिक मौजूद थे.

### किरण ठाकरे ने दी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

इस संदर्भ में ज्ञापन जारी किया गया है. इसमें सड़क के एक तरफ बचे हुए नाली निर्माण को तत्काल हटाया जाए। सड़क को अधिक चौड़ा और अधिक खुला बनाया जाए. भविष्य में यातायात एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित योजना एवं क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। किरण ठाकरे ने मांगें नहीं माने जाने पर विरोध प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है। विरोध प्रदर्शन की प्रतियां भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक अभिजीत जिचकार और वर्धा के जिला कलेक्टर को दी गई हैं।

# महाराष्ट्र नवनिर्माण शेतकरी सेना के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ज्ञापन

> मांगे पूंरी नहीं हुई तो मनसे स्टाइल में आंदोलन होगा

**हिंगनघाट.**



महाराष्ट्र नवनिर्माण शेतकरी सेना के जिला अध्यक्ष जयंत कातरकर के नेतृत्व में तालुका कृषि अधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया। महाराष्ट्र राज्य फलोत्पादन योजना के कुशल और अकुशल योजना से लाभ प्राप्त नहीं करने वाले किसानों और उपस्थित अन्य किसानों की मांगों के लिए आज एक ज्ञापन दिया गया। किसानों ने अपने फल बागो में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों और कीटनाशकों का इस्तेमाल किया है, लेकिन सरकार ने पिछले दो वर्षों से बागवानी योजना पर खर्च किया गया पैसा नहीं मिला है। तथा अन्य मांगों के लिए आज मनसे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया मांगे पूरी नहीं हुई तो बड़े आंदोलन की चेतावनी दिये गये.

खेते का सीजन शुरू हुआ है फर्जी कंपनियों को कोई अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। किसानों को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए कृषि अधिकारी कार्यालय, हिंगनघाट जिम्मेदार होगा यदि कोई नुकसान हुआ तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना मनसे शैली में विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी इस प्रकार का ज्ञापन दिया गया.

# अचानक बारिश से रसूलाबाद के किसानों पर टूटा संकट

**वर्धा.**



आर्वी तहसील के ग्राम रसूलाबाद में हाल ही में हुई अचानक तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खासकर तिल की फसल को भारी नुकसान पहुँचा है। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण किसान निखिल गोमासे और श्यामराव टाके ने बताया कि बारिश ने पूरे गांव में भारी तबाही मचाई है। खेतों में पानी भर गया है और तिल की फसल पूरी तरह खराब हो गई है।

ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि तत्काल सर्वे (पंचनामा) किया जाए और किसानों को नुकसान की भरपाई दी जाए। किसानों का कहना है कि बिना मदद के अगली फसल की तैयारी कर पाना मुश्किल होगा।

# एनएच-44 पर ट्रक में लगी आग

> सोयाबीन बीज से भरा ट्रक जलकर खाक



**हिंगनघाट.**

नागपुर से आदिलाबाद सोयाबीन के बीज ले जा रहे एक ट्रक में तालुका के नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर जांम के व्यस्त चौराहे पर अचानक आग लग गई। सौभाग्य से आग में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन ट्रक पूरी तरह नष्ट हो गया। 26 मई को दोपहर करीब 1 बजे नागपुर से सोयाबीन के बीज लेकर जा रहे ट्रक, ट्रक नंबर MH18 DJ 0169 में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैली और ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया।

आग से ट्रक पूरी तरह जल गया। ट्रक चालक ट्रक से कूदकर जाने के कारण बाल-बाल बच गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलते ही हिंगनघाट स्थित अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक जलकर राख हो चुका था।

आग से ट्रक और सोयाबीन को भारी नुकसान हुआ इस वक्त सड़क पर यातायात करीब एक घंटे तक बाधित रहा।

जाम हाईवे पुलिस और समुद्रपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना का जाऐजा लिया

# अलीपुर में समाधान शिविर का आयोजन

> जनता के काम प्राथमिकता से करें अधिकारी-कर्मचारी

> राजेश बकाने का आवाहन

**अलीपुर.**



अलीपुर में महाराजस्व समाधान शिविर का आयोजन किया गया। महाराजस्व समाधान शिविर में देवली-पुलगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश बकाने उपस्थित रहे तथा उन्होंने गांव के लोगों की समस्याएं पूछी तथा उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के आदेश दिए। इस अवसर पर 290 नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से प्रशासक तुषार जोगी और पूर्व सरपंच नितिन चंदनखेड़े, ग्राम विकास अधिकारी दत्तात्रय दिवटे ने विधायक राजेश बकाने का सत्कार किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी आकाश अवतारे, तहसीलदार सागर कांबले, गुटविकास अधिकारी महेश बहेकर, विस्तार अधिकारी दीपक चौधरी, नायब तहसीलदार मुन्नालाल भलावी, थानेदार प्रफुल्ल डाहुले, भू-अभिलेख कार्यालय के उपाधीक्षक प्रवीण तांबडे, गजानन सयाम राऊंड ऑफिसर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक सुपारे, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष नाना ढगे, पूर्व सरपंच नितिन चंदनखेड़े, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य सतीश काले, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य उत्तम ढगे, सामाजिक कार्यकर्ता विजय जस्वाल, मंच पर मंडल अध्यक्ष राजू किटकुले, सामाजिक कार्यकर्ता गजू खाटे, सुनीता लिचड़े, योगेश खोड़े, डॉ. विठ्ठल टिचकुले, पूर्व उपसभापति शंकरलाल खत्री, पूर्व पंचायत समिति सदस्य वामन खोड़े उपस्थित थे. समाधान शिविर में पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य सतीश काले ने देवली-पुलगांव विधानसभा क्षेत्र के राजेश बकाने के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि पिछले 25 वर्षों से गांव के जरूरतमंद हितग्राहियों को एक भी जमीन नहीं दी गई है।

गांव के लोग घरकुल योजना से वंचित हैं, इसलिए हमें इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और अलीपुर के निवासियों को स्थायी पट्टे प्रदान करने चाहिए। पुर्व ग्राम पंचायत सदस्य सतीश काले ने देवली पुलगांव विधानसभा क्षेत्र के राजेश बकाने को एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। इस समय देवली पुलगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने उपविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को इस मुद्दे पर तत्काल तीन सदस्यीय समिति गठित कर बैठक आयोजित कर स्थाई पट्टे वितरित करने के आदेश दिए। विधायक राजेश बकाने ने समाधान शिविर में आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की जाएगी तथा स्थायी पट्टे वितरित करने के लिए बैठक आयोजित की जाएगी.अलीपुर में समाधान शिविर का आयोजन

# अकोला के रामदासपेठ पुलिस की कार्वाई



**अकोला.**

रामदास पेठ पुलिस ने विजयनगर तारा फाइल क्षेत्र के दुर्गा माता मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर धारदार लोहे का चाकू लेकर घूम रहे आरोपी आनंद मोती खोकरे (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के हाथ में करीब 900 रुपये मूल्य का तेज लोहे का चाकू था, जिससे लोगों के मन में दहशत का माहौल बन गया था। मौके से आरोपी के कब्जे से 900 रुपये भी बरामद किए गए।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सतीश कुलकर्णी के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक प्रदीप जोगदंड, अनिल भातखड़े, श्याम मोहले, रोशन पाटले और आकाश जमोड़े ने संयुक्त रूप से की।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4, 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 162/25 दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# वणा नदी में मानव कंकालों और अवैध रेत के मामले अनसुलझे

> संरक्षण समिति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

**हिंगनघाट.**



डंकिन (हिंगनघाट) में वणा नदी पर बांध निर्माण के दौरान पीयूष इंफ्रा कंपनी द्वारा भारी मात्रा में अवैध रेत निकालकर उसका भंडारण किया गया था। राजस्व विभाग ने नायब तहसीलदार सागर कबंडे के माध्यम से रेत जब्त कर ली, लेकिन आज तक संबंधित कंपनी पर कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है, जो बहुत गंभीर और संदिग्ध मामला है।

इसके अलावा, कंपनी ने इस बांध की खुदाई के दौरान मिले मानव कंकालों का भी निपटान किया। यह कानून का गंभीर उल्लंघन होने के बावजूद संबंधित कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस विभाग ने इस संबंध में कोई जानकारी या कार्रवाई नहीं की है।

यह दोहरी उपेक्षा प्रशासन पर सवाल खड़े कर रही है और नागरिकों में गुस्से की लहर पैदा कर रही है। वणा नदी संरक्षण समिति के अध्यक्ष रूपेश लाजुरकर ने तहसीलदार योगेश शिंदे से तीन दिन के भीतर मामले की गहन जांच कर ठोस कार्रवाई की मांग की है। अन्यथा उन्होंने चेतावनी दी है कि समिति के माध्यम से कड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

इस मामले में पहले 17 मई 2025 को माननीय जिला कलेक्टर, वर्धा को और दिनांक 23 मई 2025 को हिंगनघाट पुलिस स्टेशन के थानेदार को एक ज्ञापन दिया गया था।

हालांकि, अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नागरिक प्रशासन की भूमिका पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

# स्वस्थ समाज के लिए कर्तव्य, नैतिकता और भाईचारा आवश्यक : एड. इब्राहिम बख्श

**हिंगनघाट.**



समाज में भाईचारा और नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए सभी क्षेत्रों के नागरिकों को आगे आने की जरूरत है। आज शत्रुतापूर्ण एवं अविश्वसनीय वातावरण में एक-दूसरे का विश्वास हासिल करने की आवश्यकता है। विश्वास के माध्यम से ही लोग करीब आते हैं और भय कम होता है। स्वस्थ सामाजिक जीवन के लिए अपनेपन की भावना, कर्तव्य की भावना, सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रेम और नैतिकता आवश्यक हैं। यह विचार ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम बख्श आझाद ने व्यक्त किये. वह हज यात्रा पर रवाना होने से पहले एक सामाजिक कार्यकर्ता से शिष्टाचार भेंट के बाद केजीएन सभागार में बोल रहे थे। इस अवसर पर ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही, डॉ. अनिल दक्ष, अबुबकर खान, किरण फुलझेले, स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन वर्धा के जिला सचिव शिहान मंगेश भोंगाडे, एडवोकेट असद खान पटेल, एडवोकेट जाहिद अली, अब्दुल गनी, एड.सुनील चौधरी, अब्दुल कादिर बख्श, शाहीन भाई, प्रा. मोगल बेग, हुमेरा सदफ राही, मुस्तफा बक्ष आदि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मराठी फिल्म '26 नवंबर' की अभिनेत्री को मिला विशेष पुरस्कार

> राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस ने किया सम्मान

**हिंगनघाट.**



मराठी फिल्म "26 नवंबर" की अभिनेत्री डॉ. जूही अनिल जवादे का राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार पार्टी के प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में महिला पदाधिकारियों द्वारा अभिनंदन किया गया।

हिंगणघाट शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल जवादे की बेटी डॉ. जूही अनिल जवादे ने फिल्म 26 नवंबर के जरिए बतौर अभिनेत्री फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा है। यह हिंगणघाट के निवासियों के लिए गर्व और सम्मान की बात है। ऐसे सक्रिय लोगों की प्रशंसा करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस शरद चंद्र पवार पार्टी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अनिल जवादे के निवास पर जाकर अभिनेत्री डॉ. जूही अनिल जवादे को शॉल और एक पौधा भेंट करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस शहर कार्यकारी अध्यक्ष सीमा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मीना सोनटक्के, जिला महासचिव सुजाता जांभुलकर, विधानसभा उपाध्यक्ष विद्या गिरी, शहर उपाध्यक्ष दीपाली रंगारी आदि उपस्थित थीं।

# खेल-क्रीड़ा में प्रमुखता खोता हिंगनघाट

> अपराध और अवैध धंधों में अपनी पहचान बना रहा है

**हिंगनघाट.**




पिछले कुछ वर्षों में हिंगणघाट की छवि एक ऐसे शहर के रूप में बनने लगी है जो अपना पूर्व गौरव खो रहा है। खेल, संस्कृति और कलाकारों के शहर के रूप में जाना जाने वाला शहर अब गांजा, शराब, एमडी और अवैध रेत खनन जैसे कई अवैध कारोबार में प्रगती करणे वाला शहर बन रहा है। शहर मे फल-फूल रहे हैं अवैध व्यवसाय उसका प्रतीक बन रहे है और उसके लिए ये शहर प्रसिद्ध हो रहा है।

शहर के खेल के मैदान वीरान हैं। खेल के मैदान पर खिलाड़ियों की संख्या दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। कुछ वर्ष पहले जब गिरधर राठी हिंगनघाट नगरपालिका के नगराध्यक्ष थे, तब एक भव्य ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया जाता था। इसकी वजह से खिलाड़ी उभरकर सामने आए और युवाओं में खेल के प्रति रुचि पैदा होती थी। जिस वजह से कोई भी युवक कहीं और नहीं भटकता था। शहर में नियमित रूप से कई खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक परिवर्तन हुआ है और शहर एक अलग दिशा में आगे बढ़ रहा है। तालुका और शहरों में प्रशासनिक यंत्रणा और पुलिस विभाग की कमजोर स्थिति ने अवैध कारोबार के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर दिया है। शहर में मारपीट, भाईगिरी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही हिंगनघाट पुलिस स्टेशन अपराध सूची में भी सबसे आगे आ गया है। और हिंगनघाट की पहचान एक अत्यधिक संवेदनशील पुलिस स्टेशन के रूप में की गई है। शहर में बेरोजगारी का बढ़ता ग्राफ निराश युवाओं को, बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए बड़ी परियोजनाओं या नौकरियों की कमी के कारण अवैध व्यवसायों में रोजगार की तलाश करने के लिए प्रेरित कर रहा है। परिणामस्वरूप, हाल के वर्षों में अपराधों में वृद्धि हुई है, तथा युवा शीघ्र धन कमाने के लिए अवैध व्यवसायों की ओर रुख कर रहे हैं।

प्रशासनिक और राजनीतिक दूरदर्शिता की कमी की वजह से हाल के वर्षों में इस शहर को सही रास्ते पर लाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है, और परिणामस्वरूप, शहर एक अलग दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अच्छे भले शहर में इससे यह प्रश्न भी उठता है कि आगे बढ़ते हुए इन सब चीजों के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह कोन है?

# पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने जताई भारतीय सैन्य शक्ति की महानता

**वर्धा.**



शक्तिशाली सैन्य बल, अत्याधुनिक मिसाइल और युद्धपोत, प्रशिक्षित वायुसेना अधिकारी भारत के साहस और शक्ति के प्रतीक हैं। ऑपरेशन सिंदूर की वजह से दुनिया में भारत की छवि और निखर कर सामने आई है। भारतीय वायुसेना ने दिखा दिया है कि वह अपने देश की सुरक्षा के लिए तैयार है।

'ऑपरेशन सिंदूर' इसका एक अच्छा उदाहरण है। इस ऑपरेशन ने देश के नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा की है। 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य ऑपरेशन नहीं है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस ऑपरेशन के साथ भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि वह आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

भारत की सुरक्षा व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत व्यवस्था है। इसमें सेना, नौसेना, वायुसेना के साथ-साथ अर्धसैनिक और खुफिया एजेंसियां शामिल हैं। यह सुरक्षा व्यवस्था राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की सुरक्षा में मदद करती है।

### 150 लड़ाकू जहाजों से सशक्त भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली नौसेनाओं में से एक मानी जाती है और हिंद महासागर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय नौसेना के पास करीब 150 लड़ाकू जहाज और पनडुब्बियां हैं, साथ ही 300 विमान भी हैं। नौसेना के पास कई तरह के लड़ाकू जहाज और पनडुब्बियां हैं, जिनमें विमानवाहक पोत, विध्वंसक, फ्रिगेट, पनडुब्बी और कई तरह के युद्धपोत शामिल हैं। इसी वजह से हमारा देश पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को सबक सिखाने और उसे धुल चटाने में सक्षम है।

भारत में 62 वायुसेना अड्डे, 30 नौसेना अड्डे और 14 सेना अड्डे हैं। भारत का सुरक्षा बजट हर साल बदलता रहता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में यह बजट बढ़ता जा रहा है। 2025-26 में रक्षा मंत्रालय के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

भारतीय सेना दुनिया की सबसे बड़ी स्थायी सेना है, जिसमें 12,37,117 सक्रिय सैनिक और 9,60,000 आरक्षित सैनिक हैं।

भारतीय सेना के पास विभिन्न प्रकार के 3700 मुख्य युद्धक टैंकों का बेड़ा है। विशेष रूप से, भारतीय सेना के पास लगभग 125 अर्जुन, 1200 टी-90एस/एमएस भीष्म और 2400 टी-72 अजय टैंक हैं। हमारी भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली वायु सेना के रूप में जानी जाती है। भारतीय वायु सेना के महत्वपूर्ण डिवीजन पश्चिमी डिवीजन, दक्षिणी डिवीजन, दक्षिण-पश्चिमी डिवीजन, पूर्व डिवीजन और मध्य डिवीजन हैं।

सभी डिवीजनों को मिलाकर, लगभग 1,70,000 वायु सेना के जवान भारतीय वायु सेना में सेवा दे रहे हैं। भारतीय वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों सहित 1720 से अधिक विमान हैं। इनमें से लगभग 31 स्क्वाड्रन लड़ाकू विमानों के हैं, जिनमें सुखोई Su-30MKI, मिग-29, मिराज 2000, राफेल, तेजस और जग्वार शामिल हैं।

भारतीय नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की नौसैनिक शाखा है, जिसका मुख्य कार्य देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करना है।

CMYK




# आरसीबी ने क्वालिफायर 1 में की एंट्री

**लखनऊ.** आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। प्लेऑफ में आरसीबी, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस ने एंट्री मारी है। गुजरात टाइटंस को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 33 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ उसकी प्वाइंट्स टेबल के टॉप-2 में बने रहने की उम्मीदें कम हो गई हैं। गुजरात टाइटंस का बचा हुआ है एक मैच गुजरात टाइटंस की टीम अभी प्वाइंट्स टेबल के टॉप पर मौजूद है। टीम ने अभी तक कुल 13 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 9 में जीत दर्ज की है और चार मैच हारे हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया है. इसी के साथ प्लेऑफ का पूरा शेड्यूल सामने आ गया है. आईपीएल 2025 में लीग स्टेज के इस आखिरी मैच में



लखनऊ ने पहले खेलते हुए 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. जवाब में आरसीबी ने 8 गेंद शेष रहते लक्ष्य को प्राप्त कर 6 विकेट से जीत प्राप्त की. रॉयल चैलेंजर्स को अगर टॉप-2 में रहकर पहला क्वालीफायर खेलना था, तो उसके लिए लखनऊ को इस मैच में हराना बहुत जरूरी था. लखनऊ सुपर द्वारा मिले 228 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु ने काफी बढ़िया और तेज शुरुआत की. विराट कोहली और फिल साल्ट के बीच 61 रनों की सलामी साझेदारी हुई, इस बीच साल्ट 30 रन बनाकर आउट हो गए. रजत पाटीदार 14 रन बनाकर और लियाम लिविंगस्टोन उनसे अगली ही गेंद पर शून्य के स्कोर पर आउट हो गए. रॉयल चैलेंजर्स ने 90 के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन विराट कोहली अब भी क्रीज पर डटे हुए थे. मयंक अगरवाल और कोहली के बीच अच्छी पार्टनरशिप पनप रही थी, लेकिन तभी कोहली 54 रन बनाकर आउट हो गए.

आईपीएल 2025 का 70वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 228 रनों के विशाल टारगेट को चेज करते हुए आरसीबी ने न केवल एक शानदार जीत हासिल की, बल्कि लीग स्टेज को टॉप-2 में समाप्त करके प्लेऑफ में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया. आरसीबी ने अपने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया. इस जीत ने आरसीबी को क्वालिफाइर-1 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले का टिकट दिलाया, जिससे उन्हें फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे. लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. ऋषभ पंत ने एक कप्तानी पारी खेली. उन्होंने 61 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए. वहीं, मिचेल मार्श ने 67 रनों का योगदान दिया. जिसके चलते लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए. आरसीबी की ओर से नुवान तुषारा, भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 विकेट हासिल किया. यह स्कोर किसी भी टीम के लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन आरसीबी ने इस लक्ष्य को न सिर्फ स्वीकार किया, बल्कि इसे बखूबी हासिल भी किया. इस रन चेज में आरसीबी की बल्लेबाजी ने सभी को हैरान कर दिया. विराट कोहली ने एक बार फिर अपनी क्लास दिखाई और अपनी शानदार पारी के साथ न केवल टीम को जीत दिलाई, बल्कि टी20 क्रिकेट में एक ही टीम (आरसीबी) के लिए 9000 रन पूरे करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. विराट के अलावा फिल सॉल्ट ने भी ताबड़तोड़ पारी खेली.

विराट ने 30 गेंदों पर 54 रन बनाए और सॉल्ट ने 30 रनों का योगदान दिया. आरसीबी की पारी के दौरान ओपनिंग जोड़ी ने तेज शुरुआत दी, जबकि मिडिल ऑर्डर ने दबाव को संभाला और अंत में फिनिशरों ने आक्रामक बल्लेबाजी के साथ टारगेट को हासिल कर लिया. कप्तान जितेश शर्मा ने एक कप्तानी पारी खेलकर टीम को जीत कर पहुंचाया.

## हज़रत मौलाना उस्मान रहमानी का नागपुर में गर्मजोशी से स्वागत



**कामठी.**

हज़रत मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी (शाही इमाम पंजाब व अध्यक्ष मजलिस अहरारुल इस्लाम हिंद) धार्मिक कार्यक्रम के लिए नागपुर आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। तत्पश्चात वे कामठी स्थित नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, रब्बानी क्लब के अध्यक्ष, हिन्दू मुस्लिम सर्वधर्म एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार के निवास स्थान पर पहुंचने पर उनका गर्मजोशी के साथ पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा धार्मिक व सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजुद रहें।

## नितिन गड़करी है शालीन राजनीति की मिसाल - एड. कुंभारे



**कामठी.**

शालीन राजनीति की मिसाल मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच की संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने कहा कि नितिन गडकरी हमारे देश के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन भारत के विकास के लिए समर्पित किया है।

उनकी समझ और ज्ञान को हमेशा आदर मिला है। मुझे कई वर्षों तक उनका मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य मिला है। पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा के लिए संकल्पित रहा है जो हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। मैं ईश्वर से उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करती हूं। इस मौके पर बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजूद रहें।

# फेसबुक इंस्टाग्राम पर भद्दे पोस्ट करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो

**सावनेर.**

शहर के कुछ युवा खुद को बडा इन्फ्लुंजरर्स बताकर सावनेर शहर का नाम तथा सावनेर की लड़कियों के बारे मे फेसबुक तथा इंस्टाग्राम पर किये गये भद्दे कमेंट,फोटो, व्हिडीओ, पोस्ट से शहरवासियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है.तथा ऐसे छपरीछाप युवाओ के साथ साथ शहर में अवैध रूप से प्रतिबंधित ड्रोन उड़ाकर शहर के शासकीय ,निमशासकीय कार्यालय, बस स्थानक, रेल्वे स्टेशन तथा लोगों के निजनिवास की गोपनीयता से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग उठने लगी है. इस संदर्भ में हमारे स्थानिक संवाददाता ने अपने विचार साझा किए

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की 'छपरीछाप' हरकतें न केवल निंदनीय हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश फैलाती हैं। इन युवाओं द्वारा किया गया यह कृत्य कानून और नैतिकता – दोनों का उल्लंघन है।

इतना ही नहीं, शहर में कुछ युवाओं द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित ड्रोन उड़ाकर शासकीय और निमशासकीय कार्यालयों, बस स्थानक, रेलवे स्टेशन और यहां तक कि आम नागरिकों के निजी निवास स्थलों की गोपनीयता का भी उल्लंघन किया गया है। यह सुरक्षा की दृष्टि से भी एक गंभीर मामला है। इन घटनाओं के विरोध में शहरवासियों द्वारा प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### कड़ी कार्रवाई हो: ज्योति बनसोड



युवा देश का भविष्य होता है और जो युवा महिला का सम्मान नहीं कर सकते. ऐसे युवा समाज के लिए घातक सिद्ध होते है. अखबार तथा सोशल मीडिया से पता चला कि शहर के कुछ युवा शहर की लड़कियों पर भद्दे कमेंट वाली पोस्ट कर शहर के बहु बेटियों की इज्जत के साथ ही शहर का नाम खराब कर रहे है. ऐसे युवाओं पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए. ताकी फिर कोई सरफीरा ऐसी ओछी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे. ऐसे विचार समाजसेवीका तथा हितज्योती आधार फाउंडेशन की ज्योति बनसोडे ने व्यक्त की.

### क्या इन्हें माँ बहन नहीं : प्रशांत कामोने



शहर की माता बहनों के बारे में सोशल मीडिया पर भद्दे कमेंट यह दर्शाता है की इन युवाओं को माता-बहने नही है. तभी तो ये खुलेआम ऐसी पोस्ट कर खुद को इन्फ्लुंजरर्स समझ रहे है.

ऐसे गैर जिम्मेदाराना कृत्य के लिए इन्हे कडी से कडी सजा दी जाये. ताकि आने वाले समय में कोई भी युवा सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट करने से पहले सौ बार विचार करेंगे. ऐसा मत युवा समाजसेवी प्रशांत कामोने ने व्यक्त कर सावनेर पुलिस से कठोर कारवाई की मांग की है.

### शहर की अस्मिता पर लगता सवालिया निशान : निखिल पोटभरे



शहर के कुछ शरारती युवक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सावनेर शहर का नाम लेते हुए संदेश पोस्ट कर रहे हैं,"सावनेर की लड़कियां कपड़े कहां से खरीदती हैं, जिससे वो बहुत सुंदर दिखती हैं। अरे भाई कोई पटी क्या,"सावनेर की लड़कियां, मुंबई जाकर,"सावनेर मे बोलो मिली क्या तुम्हें,"सावनेर की लड़कियां दिल देखती है. या पैसा,"सावनेर लड़कियां पटाओ और 20 दिन में डबल टेंशन पाओ", ऐसे स्लोगन के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों, चौराहों आदि के फोटो, वीडियो और संदेश अपलोड करना, शहर की लड़कियों की इज्जत के साथ खेलना और सावनेर शहर को बदनाम करना। सावनेर वाला, अपना सावनेर नागपुर जैसे कई युवा अपने पेड पब्लिसिटी के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज बना रहे हैं और शहर की मुख्य सड़कों, सरकारी इमारतों, पुलिस स्टेशनों आदि की तस्वीरें और वीडियो अपलोड कर रहे हैं। इसके कारण सावनेर शहर की लड़कियों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है, उनके चरित्र को संदेह की नजर से देखा जा रहा है तथा भविष्य में उनकी जिंदगी बर्बाद होने का खतरा मंडरा रहा है। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता ऐसे छपरियों पर कठोर कार्रवाई की मांग युवा समाजसेवी निखिल पोटभरे ने की ।

### इन्हें शर्म आनी चाहिए : चेतन हेलोंडे



फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अपने शहर तथा शहर की लड़कियों के बारे में गंदी पोस्ट करनेवालों ने आपनी निच मानसीकता का परिचय दिया है. आजकल हर कोई सोशल मीडिया से जुडा है.जिससे हर गतिविधि की खबर लग जाती है.सोशल मीडिया का उपयोग ऐसे गंदगी के लिये अधिक हो रहा है. जिस पर अंकुश लगाना अनिवार्य है. अगर इन्हे ऐसी ओछी हरकत करने की इतनी ही खुजली है. तो अपने परिजनों की फोटो का उपयोग करके दिखाये. ऐसे विचार चेतन हेलोंडे व्यक्त किये है.

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के जन्म दिन पर लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

**नागपुर.**

27 मई दिन मंगलवार को 24 स्टार प्राइड क्लब की प्रेसिडेंट और भारतीय जनता पार्टी जैन सेल महाराष्ट्र की उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा राजकुमार जैन के नेतृत्व में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गडकरी के निवास पर केक काटकर हुई, जहां सभी धर्मों के लोगों की उपस्थिति में सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। इस दौरान गडकरी की एक विशेष चित्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस आयोजन में क्लब की प्रेसिडेंट डॉ. ऋचा राजकुमार जैन, महामंत्री इमरान शेख, और क्लब के प्रमुख




सदस्य डॉ. अरुणिमा पेंदसे, संतोष पंडस्ते, अनिल मोहता, राजकुमार जैन, नीलम जैन, महेश कुकरेजा, रवि प्रवीण ठक्कर, अमित अग्रवाल, रवि कुमार जैन, आशीष बिंदनी, ज्योति त्रिवेदी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की खास बात रही रक्तदान शिविर, जो डॉ. ऋचा जैन के यूनिक क्लीनिक में आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 18 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डॉ. ऋचा जैन ने कहा, "जन्मदिन पर इससे बड़ा उपहार और कुछ नहीं हो सकता। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी का जीवन बच सकता है। यह सेवा हमारे समाज के लिए आदर्श है।" रक्तदान शिविर में टूजीएस ब्लड बैंक से डॉ. आशीष खंडेलवाल और डॉ. श्वेता खंडेलवाल का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का मीडिया कवरेज ज्योति त्रिवेदी, राजू गोविंद, और रोशन जैसे वरिष्ठ रिपोर्टर्स ने किया। डॉ. ऋचा जैन ने यह भी कहा कि 24 स्टार प्राइड क्लब आगे भी इस तरह के सामाजिक सेवा कार्यों का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने गडकरी को विकास पुरुष की उपाधि देते हुए कहा कि नागपुर जैसे शहर के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे बीच इतने कर्मठ और दूरदर्शी नेता हैं। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता, सेवा और जिम्मेदारी का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया।

## सुरक्षा जमा पर ब्याज के रूप में बिजली उपभोक्ताओं को 29.87 करोड़ रुपये की वापसी

**नागपुर.**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (महावितरण) ने नागपुर परिमंडल के निम्नदाब बिजली उपभोक्ताओं को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 29 करोड़ 87 लाख 57 हजार 424 रुपये की राशि सुरक्षा जमा पर ब्याज के रूप में लौटाने का निर्णय लिया है। यह ब्याज राशि उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में समायोजित की जा रही है। इसमें नागपुर जिले के 15,40,995 उपभोक्ताओं को 26.13 करोड़ रुपये तथा वर्धा जिले के 3,96,559 उपभोक्ताओं को 3.74 करोड़ रुपये का ब्याज दिया जाएगा। यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में 2.09 करोड़ रुपये अधिक है।

### सुरक्षा जमा क्या है?

बिजली उपभोक्ताओं से ली जाने वाली सुरक्षा जमा का उपयोग उपभोक्ता हित में किया जाता है। इस जमा राशि पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दर के अनुसार वार्षिक ब्याज दिया जाता है। महावितरण की ओर से बिजली खरीद, वितरण, रखरखाव और प्रशासनिक खर्च उपभोक्ताओं द्वारा चुकाए गए बिजली बिलों से ही पूरे किए जाते हैं। अतः उपभोक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से अपने बिजली बिलों का भुगतान करें।

**सुरक्षा जमा का पुनर्निधारण**

हर साल बिजली खपत के अनुसार सुरक्षा जमा का पुनर्निधारण किया जा सकता है। यदि किसी उपभोक्ता की जमा राशि उसके औसत दो महीनों के बिल से कम है, तो उसे अतिरिक्त सुरक्षा जमा का बिल दिया जाता है। यदि उपभोक्ता ने पहले ही जमा कर रखी है, तो केवल अंतर की राशि ही वसूली जाती है। जिन उपभोक्ताओं ने अतिरिक्त राशि जमा नहीं की है, उनकी बकाया राशि इस बार दी जा रही ब्याज में से समायोजित की जा रही है। नियामक आयोग के निर्देशानुसार सुरक्षा जमा पर ब्याज देना अनिवार्य है। कनेक्शन बंद करते समय यह राशि ब्याज सहित लौटाई जाती है। इसलिए महावितरण ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अतिरिक्त जमा कर कंपनी को सहयोग दें।

## महावितरण सहायक अभियंता भर्ती की प्रतीक्षा-सूची जल्द होगी जारी

**नागपुर.**

महावितरण की भरती प्रक्रिया के अंतर्गत सहायक अभियंता (वितरण/स्थापत्य) पदों पर चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा यादी जल्द ही जारी की जाएगी। इससे पहले 342 अभियंताओं की चयन सूची घोषित की गई थी, परंतु दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान कुछ उम्मीदवार अनुपस्थित रहे या पात्र नहीं पाए गए। साथ ही, कुछ चयनित उम्मीदवार निर्धारित समय में पदस्थापना के लिए उपस्थित नहीं हुए। इस स्थिति को देखते हुए, महावितरण अपने नियमों के अनुसार श्रेणीवार और समांतर आरक्षण के आधार पर प्रतीक्षा सूची प्रकाशित करेगा। यह प्रतीक्षा सूची महावितरण की आधिकारिक वेबसाइट www.mahadiscom.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 144-9 | 277-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 125-8 | 880-6 |

उल्लेखनीय है कि यह भर्ती प्रक्रिया विज्ञापन क्रमांक 07/2023 के तहत सहायक अभियंता (वितरण – 302 पद, स्थापत्य – 40 पद) कुल 342 पदों के लिए 14 जनवरी 2025 को घोषित चयन सूची पर आधारित है।

कनिष्ठ अभियंता के 91 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र

वहीं, कनिष्ठ अभियंता (डिप्लोमा धारक) के 91 उम्मीदवारों का चयन पूरा कर लिया गया है। इनमें से 72 उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया से जबकि 19 उम्मीदवारों की नियुक्ति अनुकंपा तत्त्व पर की गई है। सभी चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें संबंधित परिमंडल स्तर पर नियुक्ति पत्र वितरित किये गए हैं।

अब उन्हें रिक्त पदों के अनुसार स्थानों पर पदस्थापित किया जा रहा है। महावितरण ने सभी प्रतीक्षारत उम्मीदवारों से अनुरोध किया है कि वे आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक करते रहें।

## नागपुर के कई क्षेत्रों में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नागपुर.**

महावितरण ने शहरवासियों को सूचित किया है कि बुधवार, 28 मई 2025 को नागपुर शहर के कई हिस्सों में नियोजित रखरखाव व मरम्मत कार्यों के चलते कुछ घंटों के लिए बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह कार्य भूमिगत केबल, ट्रांसफॉर्मर, 11 केवी लाइन तथा अन्य विद्युत संरचनाओं की देखभाल के लिए किया जा रहा है। प्रमुख प्रभावित क्षेत्र और समय सुबह 7:00 से 11:30: गोपालनगर, दिनदयालनगर, दुर्गा मंदिर क्षेत्र, पडोळे हॉस्पिटल,सुबह 7:00 से 11:00: गांधीनगर, अंबाझरी लेआउट, कॉर्पोरेशन कॉलनी, सुबह 7:00 से 12:00: तेलकामठी, सुबह 8:00 से 11:00: पांडे लेआउट, बेसा, सौरभनगर, फैजान लेआउट, शुभांगीनगर, सुबह 8:30 से 11:30: दाते लेआउट, जयताळा, त्रिमूर्तीनगर, खामला, शिवनगर, लक्ष्मीनगर का कुछ हिस्सा, सुबह 9:00 से 12:00 सुरेंद्रनगर, आरएफटीएस रोड, तात्या टोपे नगर, सुबह 9:00 से दोपहर 3:00: नंदनवन, हसनबाग, वृंदावन नगर (भूमिगत लाइन चार्जिंग कार्य), सुबह 8:30 से 12:00: तांडापेठ, नाईक तलाव, पाचपावली, लाडपुरा, सुबह 10:00 से 12:00: बोरियापुरा, सलीम लीडर मार्ग, रिसालदार आखाड़ा, सुबह 11:00 से दोपहर 1:00: कसाबपुरा, बारी चौक, हयाद्री रोड, सुबह 8:00 से 9:00: म्युर मेमोरियल हॉस्पिटल, विज्ञान संस्था, महाराज बाग, सुबह 8:45 से 11:30: विनोबा भावे नगर, वनदेवी नगर, राजीव गांधी नगर, राजश्री नगर, रामटेके नगर, रतन नगर, फुलमती लेआउट, हिमालय एम्पायर, रामेश्वरी रोड सहित कुछ क्षेत्रों में सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 तक बिजली आपूर्ति (कंट्रोल्ड फेज में) बंद रहेगी।

**महावितरण की अपील :** महावितरण ने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए अनुरोध किया है कि वे सहयोग करें।

